न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण सख्या : 36 / 2018

हरिशंकर पुत्र राधाकिशन दत्तक पुत्र त्रिभुवन जाति ब्राहमण निवासी बमोरीकलां तह0 मांगरोल जिला बारां
.... प्रार्थी

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)
....अप्रार्थी

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 आर0 एल0 आर0 एक्ट0</u>

पीठासीन अधिकारी : प्रमोद कुमार सिंधव (आर.ए.एस.)

वकील प्रार्थी : स्वयं

दायर दिनांक–17.12.2018 निर्णय दिनांक : 17.12.2018

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी के पिता का नाम ग्राम बमोरी कलां की आराजी खाता नं0 674 के राजस्व रेकार्ड में त्रिभुवन दर्ज हैं व आराज खाता नं0 681 के राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम राधाकिशन दर्ज है। प्रार्थी ग्राम बमोरीकलां की आराजी खाता संख्या 681 की राजस्व रेकार्ड में हरिशंकर पुत्र राधाकिशन दत्तक पुत्र त्रिभुवन दर्ज करवाना चाहता है। प्रार्थी के समस्त दस्तावेजात यथा वोटर आई डी, ड्राईविंग लाईसेंस व आधार कार्ड में भी प्रार्थी के पिता का नाम त्रिभुवन दर्ज है। राजस्व रेकार्ड में दर्ज प्रार्थी के पिता के नाम की वजह से प्रार्थी को समस्त राजकीय कार्य में परेशानी का सामना करना पडता है। अतः निवेदन है कि ग्राम बमोरीकलां की आराजी खाता संख्या 681 की राजस्व रेकार्ड में हरिशंकर पुत्र राधाकिशन दत्तक पुत्र त्रिभुवन दर्ज किये जाने के आदेश प्रदान करें।

उक्त आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 17.12.2018 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार मांगरोल से तथ्यात्मक रिपोर्ट ली गयी। तहसीलदार मांगरोल(लैण्ड होल्डर) पैरोकार राजस्थान सरकार ने अपने पत्र दिनांक 15.12.2018 से प्रस्तुत तथ्यात्मक रिपोर्ट में अंकन किया कि ग्राम बमोरीकलां जमाबंदी सम्वत 2073–76 के खाता संख्या 674 किता 5 रकबा 3.19 है0 में प्रार्थी का नाम हरिशंकर दत्तक पुत्र त्रिभुवन व खाता संख्या 681 किता 2 रकबा 1.91 है0 में हरिशंकर पुत्र राधाकिशन दर्ज है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजो ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड इत्यादि का अवलोकन करने पर प्रार्थी का नाम हरिशंकर पुत्र त्रिभुवन दर्ज पाया गया

र्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अनुसार प्रार्थी अपना नाम हरिशंकर पुत्र राधाकिशन दत्तक पुत्र त्रिभुवन ति ब्राहमण सा0 देह राजस्व रेकार्ड जमाबंदी सं0 2073–2076 के खाता संख्या 681 में दर्ज किये जाने की अनुशंषा की जाती है।

अतः पत्रावली के आद्योपान्त गहन अध्ययन एवं अवलोकन प्रार्थना पत्र प्रार्थी एवं संलग्न दस्तावेज एवं जवाब प्रतिपक्षी राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल(लैण्ड होल्डर) एवं बहस फाईनल प्रार्थी एवं प्रतिवादी राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर ग्राम बमोरीकलां की आराजी खाता संख्या 681 किता 2 कुल रकबा 1.91 है0 की राजस्व जमाबंदी में दर्ज खातेदार वादी का **नाम हरिशंकर पुत्र राधाकिशन दत्तक पुत्र त्रिभुवन जाति ब्राहमण सा0 देह** दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रतिवादी तहसीलदार मागंरोल उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद करें। पत्रावली फैशल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 17.12.2018 को सरेईजलास मजमेंआम में सुनाया गया।